UFO एवं उससे संबंधित जांच

चर्चा में क्यों?

- हाल ही में अमेरिकी वायु सेवा के एक पूर्व खुफिया अधिकारी ने पिछले वर्ष अमेरिकी कांग्रेस में आयोजित अज्ञात उड़ने वाले वस्तु यानी UFO (Unidentified Flying Object) पर चर्चा की गई।
- कथित तौर पर अमेरिकी कांग्रेस में आयोजित इस चर्चा में UFO एवं UAP (Unindentified Aerial Phenomenon) को अमानवीय प्राणियों के रूप में प्रस्तुत किया गया जो हमारे स्थलीय विकास का हिस्सा नहीं है।
- 2 जुलाई 1947 की तथाकथित रोसवेल की यूएसओ घटना के कारण 2 जुलाई को 'विश्व यूएफओ दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

UFO क्या है?

- अमेरिकी वायु सेना के अनुसार किसी भी अस्पष्ट हवाई घटना को संदर्भित करता है जो पर्यवेक्षक द्वारा आसानी से तुरंत पहचाना नहीं जा सकता।
- UFO शब्द गढ़ने का श्रेय अमेरिकी वायुसेना को जाता है।
- शुरुआत में UFO को उन वस्तुओं के रूप में परिभाषित किया गया जो विशेषज्ञ जांचकर्ताओं द्वारा जांच के बाद भी सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता।
- हालांकि UFO मूल रूप से अज्ञात उड़ने वाली वस्तुओं को संदर्भित करता है।

क्या थी 2 जुलाई 1947 की घटना:

Rau's Mitra

- विश्व UFO दिवस को 2 जुलाई 1947 के न्यू मेक्सिको के रोसवेल घटना से जोड़कर देखा जाता है।
- दरअसल 2 जुलाई 1947 को न्यू मैक्सिको रोजवेल के जे बी फोस्टर खेत में कुछ दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें ऐसी खबरें आई कि अमेरिकी वायु सेना ने एक फ्लाइंग डिस्क बरामद की है।
- अमेरिकी वायु सेना ने इस दुर्घटना की जांच रिपोर्ट वर्ष 1994 में जारी की।
- इस जांच रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया कि कोई विदेशी अंतरिक्ष यान जो संभवत: एक गुप्त वायु सेवा के गुब्बारे के रूप में सोवियत परमाणु परीक्षण की निगरानी के लिए डिजाइन किया गया था दुर्घटना का शिकार हो गया।
- हालांकि रोजवेल में दुर्घटनाग्रस्त जगहों के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि दुर्घटना स्थल के पास शव, लकड़ी की छड़ें आदि थी।
- इसका जवाब देते हुए वर्ष 1947 में अमेरिकी वायु सेना ने रिपोर्ट जारी कर कहा कि रोसवेल दुर्घटनास्थल पर पाए गए कथित विदेशी शव सिर्फ पैराशूट परीक्षणों में इस्तेमाल किए गए 'डमी' था।
- हालांकि कुछ UFO शोधकर्ताओं ने अमेरिकी वायु सेना द्वारा रोसवेल घटना के संबंध में दिए गए स्पष्टीकरण का खंडन करते हुए कहा गया कि 'रोसवेल' घटना के समय इस प्रकार के 'डमी' का उपयोग विश्व में कहीं भी नहीं हो रहा था।
- UFO शोधकर्ताओं के अनुसार रोसवेल घटना के दौरान मिला डमी का पहला उपयोग विश्व पटल पर 1954 से 1959 के बीच उच्च ऊंचाई वाले पैराशूट ड्रॉप में किया गया था।

UFO से संबंधित प्रोजेक्ट ब्लू बुक -

- वर्ष 1952 से 1969 के बीच टाइम मैगजीन ने अज्ञात उड़ान संबंधी लगभग 12000 से अधिक रिपोर्ट संकलित की।
- टाइम मैगजीन ने इन अज्ञात उड़ानों को पहचान के रूप में खगोलीय, वायुमंडलीय, कृत्रिम या अज्ञात के द्वारा वर्गीकृत किया गया।
- इनमें अज्ञात उड़ानों की संख्या लगभग 6% थी, जिसकी कम संख्या होने के कारण टाइम मैगजीन ने 'प्रोजेक्ट ब्लू बुक' कार्यक्रम को रद्द करते हुए अनुसंधान समाप्त कर दिया।
- वर्ष 2021 में अमेरिकी सरकार द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि अज्ञात उड़ानों संबंधी डाटा अनिर्णायक है जो पक्षी, गुब्बारे, ड्रोन जैसी वस्तुएं या प्राकृतिक वायुमंडलीय घटनाओं के परिणाम हो सकती हैं।

यूएफओ की अन्य जांच -

Result Mitra

- UFO संबंधित एक अन्य जांच परियोजना अमेरिकी एविएशन थ्रेट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम (AATIP) वर्ष 2017 से 2012 तक चली थी।
- 2017 में AATIP द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी सरकार के पास UFO से प्राप्त मिश्र धातु और अन्य वस्तुएं हैं जो अज्ञात ग्रहों के हैं।
- वर्ष 1968 में कनाडाई राष्ट्रीय रक्षा विभाग ने UK, स्वीडन, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया और ग्रीस के लगभग 750 अज्ञात दृश्यों की जांच के बाद रिपोर्ट में कहा गया कि इन सभी अज्ञात उड़ानों का म्युचुअल UFO नेटवर्क अमेरिका के कोलोराडो से जुड़े हुए लगते हैं।

भारत में UFO -

- भारत में UFO का देखा जाना भारत के संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं रहा है।
- हालांकि TV युग से पहले वर्ष 1967 में लेखक निर्देशक सत्यजीत के द्वारा लिखित 'द एलियन' नामक स्क्रिप्ट में एक अज्ञात सांसारिक प्राणी का वर्णन किया गया है जो पृथ्वी पर आता है।
- एलियन पर बनने वाली एक और प्रारंभिक तमिल फिल्म 1963 में 'कलाई आरसी' थी।

UFO, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय -

- वर्ष 2022 में अमेरिकी कांग्रेस में अमेरिकी स्पेस में देखे गए सैकड़ों अस्पष्टीकृत दृश्यों की जांच संबंधी पहली बार चर्चा हुई।
- इस चर्चा के दौरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों और समुद्रतटों के पास देखी जाने वाली अज्ञात उड़ान संबंधी दृश्यता पर चिंता व्यक्त की गई।
- 2021 की एक सरकारी रिपोर्ट में अमेरिकी स्पेस में रहस्यमय 144 विमानों या अन्य उपकरणों को रहस्यमय गति या प्रक्षेप पथ पर उड़ने की जानकारी दी गई।
- इस चर्चा में दोनों प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों ने UFO को एक राष्ट्रीय सुरक्षा चिंता का विषय बताया।

क्या UFO अमेरिकी कार्यक्रम का हिस्सा है?

- इसी सुनवाई के दौरान सेनानिवृत्त अमेरिकी वायु सेना के मेजर डेविड गुश ने गवाही देते हुए कहा कि अमेरिका लंबे समय से UFO संबंधी कार्यक्रम को संचालित कर रहा है।
- मेजर डेविड गुश ने अपने सनसनेखी खुलासे में कहा कि अमेरिकी सरकार को वर्ष 1930 से ही गैर मानवीय गतिविधि कार्यक्रम की जानकारी है।

Result Mitra

- हालांकि पेंटगन ने डेविड गुश के दावों का पूरी तरह से खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका में इस तरह का कोई कार्यक्रम अस्तित्व में नहीं है।

Result Mitra